नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(अगस्त 2017)

डा अजय तिर्की महापौर

प्रिय नगरवासियों ,

कोई भी संस्था के सफल संचालन में वहां के नगरवासियो का सहयोग आवश्यक होता है और नगर में चलने वाले प्रत्येक कार्यो की पारदर्शिता एंव सुगमता मेरी प्राथमिता रही है इसी तारत्मय में इस वेब साईट का निमार्ण कराया गया है मेरा नगर वासियो से अपील है कि नगर में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत हो रहे शौचालयो का निर्माण अपने घरो में करा कर सहयोग प्रदान करें साथ ही आप सभी से अपील है कि समस्त करो का भुगतान समय पर करे, जल को व्यर्थ ना बहने दे, प्लास्टिक कैरी बैगो का इस्तेमाल ना करे एंव कचरो में निपटान में सहयोग कर नगर निगम को एक मजबूत निगम बनाने में सहयोग प्रदान करे । अतः में आप के सभी कार्यो को तत्परता सुगमता से करने के वादे के साथ,आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं आप स्वस्थ रहे निरोग रहे इसी आशा के साथ आपका।

डा अजय तिर्की महापौर

श्रीमति सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल (रा.प्र.से.)
आयुक्त

स्वच्छ भारत का सपना माननीय प्रधानमंत्री जी के सर्वोच्च कार्यो का प्रथम राष्ट्रीय सोपान है, और यह गर्व का विषय है कि छग के आदिवासी अंचल सरगुजा में अवस्थित नगर निगम अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर के सम्मानित नागरिकों ने इस सपने को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है, एवं उल्लेखनिय कार्य किया है, एस एल आर एम अम्बिकापुर माडल शत प्रतिशत डोर टु डोर संग्रहण एवं आजीविका मिशन का अनुपम उदाहरण है, इसी का परिणाम है कि इस श्रेष्ठ कार्य ने 3 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर इस अंचल को गौरवान्वित किया है, इस कार्य की कार्यस्थिती इस बात से ही प्रमाणित हो जाती है कि आज यह माडल छग के समस्त नगरीय निकायों के लिये मिशन क्लीन सिटी के रूप में प्रेरणा स्त्रोत बन चुका है, एवं पुष्पित एवं पल्लवित हो रहा है, इसके साथ ही अम्बिकापुर निगम खुले में शौच मुक्त नगर निगम का दर्जा प्राप्त कर अपने इस कार्य में सफलता का एक और पायदान कायम किया है

सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल

दिनांक 05 अगस्त 2017

स्वच्छता दुत बनकर लोंगों को करें प्रेरित-

कलेक्टर श्रीमति किरण कौशल ने सरगवां वाटर पार्क मे आयोजित स्वच्छताग्रहियों के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा की मेहनत एवं लगन से बोर्ड परीक्षाओं मे टॉप कर जिले को गौरवान्वित किये हैं उसी प्रकार स्वच्छता दुत बनकर स्वच्छता अपनानें मे लोगों को प्रेरित करनें में भी आगे रहें। कलेक्टर ने कहा कि स्कुली बच्चे लोगो को स्वच्छता अपनानें में लोगो को आसानी से प्रेरित कर सकते हैं।

दिनांक 08 अगस्त 2017

अब 35 डिग्री से कम तापमान मे ही बनेगी सडके

शहर मे 12 करोड के होने वाले कंक्रीट की सडको के निर्माण के लिए शनिवार को निगम के इंजीनियरो और ठेकेदारो को टेनिग दी गई इंजीनियरो को क्वालिटि पर विशेष जोर देने को कहा गया है इसके लिए निर्धारित मापदंड के अनूसार ही निर्माण कराने को कहा गया है इसके अधिक

तापमान मे कंक्रीट की सडको मे क्वालिटी नही रहती है निर्माण मे पानी के उपयोग पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है हैडपंप या फिर नदी को पानी ही निर्माण के लिए उपयोग किया जाएगा

दिनांक 25 अगस्त 2017

बिमारियो से बचाने शुरू हुआ सफाई अभियान खुले मे कचरा फेकने वालो पर लग रहा जुर्माना

स्कुल रोड पर दुकान के बाहर कचरा फेकने वाले व्यापारियो से वसुला 10 हजार का जुर्माना सफाई अभियान की मानिटरिंग कर रही निगम आयुक्त बारिश के दौरान अभियान चलाकर रिग रोड पर नगर निगम द्वारा बुधवार से सफाई कार्य शुरू किया गया है निगम आयुक्त इस दौरान खुद ही सफाई कर्मचारियो के साथ रिग रोड पर मौजुद रहकर लोगो को समडाइश देती नजर आई साथ ही स्कुल रोड मे खुले मे कचरा फेकने वालो पर जुर्माना भी लगाया रिग रोड पर बिखरी गंदगी और बजबजाती नालियो की सफाई समय पर नही होने की वजह से लोगो को काफी दिक्कतो का सामना करना पड रहा था इसकी शिकायत और दिन लोगो द्वारा निगम आयुक्त सुर्यकिरण तिवारी के निर्देश पर बुधवार से सफाई विभ्ाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर सफाई कार्य शुरू कराया गया

दिनांक 25 अगस्त 2017

नालियो व सडको की सफाई मे निगम ने झोकी ताकत

नगर निगम के सफाई विभाग के अमले मे आज विशेष गैग लगा रिग रोड की सडक व नालियो कर सफाई की गई आयुक्त सुर्यकिरण तिवारी के नेतृत्व मे निगम के अमले मे रिग रोड के अलावा स्कुल रोड गुदरी बाजार गुदरी चौक मे भी सफाई की तथा सडको एंव नालियो मे कचरा फेकने वाले दुकानदार ठेला गुमटी संचालको को समझाइश देते हुए 10150 रूपये का जुर्माना वसुल किया इसके अलावा डोर टु डोर कचरा संग्रहण मे युजर चार्ज नही दे असहयोगात्मक रवैया अपनाने पर लोगो से 2100 रूपये का युजर चार्ज भी वसुला गया इस दौरान निगम के स्वच्छता एंव स्वास्थ्य प्रभारी अवधेश पाण्डेय राजस्व निरीक्षक योगेश्वर उपाध्याय अमरेश सिह शिव सोनी रिकु सैनी आदि उपस्थित थे

दिनांक 26 अगस्त 2017

आखिरकार होमगार्ड ने हैण्डओवर लिया निगम के दमकल विभाग को

निगम से बेदखल हुए 31 कर्मचारियो सहित दमकल विभाग को होमगार्ड द्वारा हैण्ड ओवर नही लिये जाने के संबध मे नवभारत द्वारा ध्यानकर्षण कराये जाने पर सरगुजा कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मध्यस्थता की तथ निगम व होमगार्ड के अधिकारियो की बैठक ले उच्चधिकारियो से फोन पर चर्चा करते हुए इस ओर तत्काल कार्यवाही की बात कही

आज देर शाम कलेक्टर किरण कौशल की पहल पर होमगार्ड के जिला सेनानी नागेन्द्र सिह दमकल विभाग मे पहुंचे और निगम अधिकारियो से दमकल विभाग का आधिपत्य अपने हाथ मे लिया होमगार्ड मे तैयारियो को लेकर विंलब को देखते हुए अति आवश्यक दमकल सेवा के बाधित होने की स्थिति मे कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने निगम व होमगार्ड विभाग के अधिाकारियो की बैठक ले तत्काल कमियो को दुर करते हुए दमकल की सेवा होमगार्ड मे बहाल करने की बात कही

दिनांक 27 अगस्त 2017

शहर की स्वच्छता बनाए रखने टीम भावना से करे सब कार्य

शहर की स्वछता रेकिग को बनाए रखने के लिए अधिकारी कर्मचारियो टीम भावना से कार्य निष्पादन करते हुए आगामी स्वचछ सवेक्षण पर पुरी ध्यान केंद्रित करे शहर का नाम प्रदेश मे एक स्वच्छता मॉडल के प्रतिस्थापित हो चुका है इसको बनाए रखने के लिए सभी एकजुटता से कार्य करे शहर मे संचालित सभी ठोस एंव तरल अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्रो के पुर्नउध्दार का कार्य 30 सितम्बर तक अनिवार्यत पुर्ण करे उक्त बाते कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष मे नगर निगम एंव स्वास्थ विभाग की समीक्षा बैठक मे कही

दिनांक 31 अगस्त 2017

अब नगर निगम बनाएगा शहर के कचरे से खाद

शहर मे एसएलआरएम सेंटरो से कचरे का सेग्रिगेशन करने के बाद अब नगर निगम कचरे से खाद भी बनाएगा सडक पर फेके गए व आगेनिक कचरे का सिटी कम्पोस्ट खाद बनाने की प्रकिया जल्द ही शुरू होगी इनके लिए कलेक्टर की पहल पर निगम प्रशासन द्वारा भिटठी कला

मे निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है आगेनिक खाद को निगम द्वारा एनएफएल के लेबल के साथ बेचने की योजना बनाई गई है

शहर मे स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टु डोर कचरा कलेक्शन कर स्वंय सहायता समुह की महिलाओ द्वारा उनका एसएलआरएम सेटरो मे सेग्रिगेशन किया जा रहा है

दिनांक 31 अगस्त 2017

लोगो की समस्या को जानने निकले महापौर व सभापति

महापौर व सभापति ने नगर के पटपरिया क्षेत्र मे जनसंपर्क कर लोगो की समस्याए सुनी वार्डवासियो ने महापौर व सभापित को अपने साथ लेजाकर वार्ड की छोटी-छोटी समास्याओ से अवागत कराया है वार्डवासियो की समस्याओ को जानने के बाद संबधित अधिकारियो से चर्चा कर इसका समाधान करने निर्देश दिग गए है वार्ड के कुछ लोगो द्वारा सडक पर कचरा फेके जाने की शिकायते भी सामने आई है महापौर डॉ अजय तिर्की व सभापति शफी अहमद बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 11 पटपरिया इलाके मे जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियो ने दो गलियो मे महापौर एंव सभापति को साथ ले जाकर उसकी वस्तुस्थिति दिखाई तथा बताया कि इस पर चल पाना दुभर है नाली खराब हो गई है महापौर डॉ अजय तिर्की ने तत्काल निगम के अधिकारियो को फोन कर सडक को सुधारने तथा आवश्यक निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

सम्पर्क हेतु नंबर –

निदान 1100 –

सफाई, पानी, सड़क बत्ती, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, संबंधित शिकायत दर्ज करवाने संपर्क करे.

कार्यालय का पता – नगर पालिक निगम प्रशासनिक भवन, केदारपुर पानी टंकी अम्बिकापुर (छ.ग.)